an>

Title: Need to take measures to waive off farmers' loan in Rajasthan.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश के किसानों की आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाने के लिए राजस्थान सहित किसानों की कर्जमाफी की मांग को लेकर प्रधान मंत्री जी और सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । किसानों को सत्ता में आने का माध्यम राजनीतिक दल बनाते हैं । इसी प्रकार राजस्थान की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने जन-घोषणा-पत्र में दस जिलों में किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी की बात कही । राजस्थान के भोले-भाले किसानों को *ठगा* और उनका वोट लिया । कांग्रेस कल जयपुर में...(व्यवधान) एक मिनट रुकिए । यह आपका घोषणा-पत्र है, जिसे मैं देख रहा हूं ।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: वह नाम नहीं ले रहे हैं ।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति: किसी व्यक्ति का नाम नहीं ले रहे हैं ।

... (व्यवधान)

श्री हनुमान बेनीवाल: मैं घोषणा-पत्र तो बोलूंगा ।... (व्यवधान)

माननीय सभापति: आप बोलते रहिए ।

... (व्यवधान)

श्री हनुमान बेनीवाल: आपने घोषणा-पत्र के अंदर यह बात कही ।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप बोलते रहिए । जो आपत्तिजनक होगा, वह हटा दिया जाएगा ।

... (व्यवधान)

श्री हनुमान बेनीवाल: आपने घोषणा-पत्र के अंदर यह बात कही कि अगर हम सत्ता के अंदर आए ... (व्यवधान) ... * जी राजस्थान के अंदर थे । ... (व्यवधान) एक बार नाम ही तो लिया है, क्या हो गया?... (व्यवधान) क्या नाम ही नहीं लेंगे?... (व्यवधान)

माननीय सभापति: आप बोलिए ।

... (व्यवधान)

श्री हनुमान बेनीवाल: ... *जी राजस्थान के अंदर सभा करके आए और उन्होंने बोला कि अगर कांग्रेस की सरकार आई, तो दस दिनों में किसानों का सम्पूर्ण कर्ज माफ करेंगे ।...(व्यवधान) उन्होंने दस दिनों के अंदर सम्पूर्ण कर्जमाफी की बात कही ।...(व्यवधान) राजस्थान में कांग्रेस के सत्ता के अंदर आने के बाद किसान आत्महत्या करने को मजबूर है ।...(व्यवधान) कल कांग्रेस पार्टी ने जयपुर के अंदर रैली की ।... (व्यवधान) ... * जी ने छाती को पीठ बता दिया कि पीठ में छूरा घोंपा है ।... (व्यवधान) ये हालात कांग्रेस पार्टी के हैं ।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं मांग करूंगा कि ऐसे राजनीतिक दल, जो गलत तथ्यों पर आधारित कर्जमाफी की बात करते हैं या जो झूठे लोक-लुभावने वादे करके घोषणा-पत्र के अंदर झूठी बात करके सत्ता में आते हैं, इन लोक-लुभावनी बातों को छल की श्रेणी में लिया जाए ।...(व्यवधान) जो आईपीसी की धारा 419 है, वह इन राजनीतिक दलों पर लागू हो ।...(व्यवधान) तभी दोबारा ऐसे घोषणा-पत्र ये लागू नहीं करेंगे ।...(व्यवधान) जनता को बरगलाकर कांग्रेस पार्टी ने कल जयपुर में एक फ्लॉप शो किया ।...(व्यवधान) मेरी मांग है कि एक कानून बने कि जो भी पार्टी झूठे घोषणा-पत्र जारी करती है और इन झूठी घोषणाओं के आधार पर वोट लेती है...(व्यवधान) आईपीसी की धारा 419 के तहत, छलकपट के अंदर इनके ऊपर कार्रवाई होकर आपराधिक मुकदमा दर्ज होना चाहिए । ...(व्यवधान) मेरी आपके माध्यम से यह मांग है ।

माननीय सभापति : कोई नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री ए. गणेशमूर्ति जी ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज आप बैठ जाइए ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा । अगर कोई और भी आपत्तिजनक बात होगी, तो हम देख लेंगे ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज, बैठिए । I will look into it.

… (व्यवधान)